**स्पाइसेस बोर्ड भारत**

**सीमित निविदा जाँच**

**बोली नं. सीसीएससीएच/6/बोलियाँ/2022/1**

**मसाला एवं पाक शाकों पर कोडेक्स समिति (सीसीएससीएच 6) के छठा सत्र के लिए आभासी दूरस्थ वास्तविक समय व्याख्या सेवाएं प्रदान करना ।**

जुलाई 13, 2022

**निविदा नियत तारीख : अगस्त 13, 2022, सायं 5 बजे (आई एस टी)**

**निविदा खोलने की तारीख : अगस्त 16, 2022, उपराह्न 3.00 बजे**

(इस निविदा में भागीदारी केवल आमंत्रण द्वारा है और चयनित सेवा प्रदाताओं तक सीमित है। अवांछित प्रस्तावों को अनदेखा किया जा सकता है)

**1. प्रस्तावना**

मसाला एवं पाक शाकों पर कोडेक्स समिति, कोडेक्स एलिमेंटारियस कमीशन (सीएसी) के अधीन सहायक निकायों में से एक है जिसे एफएओ एवं डब्ल्यूएचओ द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित किया है और इसे मसाला एवं पाक शाकों के लिए कोडेक्स मानक विकसित करने का काम दिया है। भारत सीसीएससीएच के लिए आतिथेय देश है और भारत की ओर से स्पाइसेस बोर्ड इस समिति के सचिवालय के रूप में कार्य करता है।

इस समिति का छठा सत्र ज़ूम वीडियोकोन्फेरेंसिंग प्लेटफॉर्म पर आभासी रूप से 26,27,28,29,30 सितंबर और 3 अक्तूबर,2022 के दौरान प्रतिदिन तीन घंटे के साथ आयोजित करने के लिए निर्धारित किया गया है। इन दिनों के दौरान अंग्रेजी, स्पेनिश, फ्रेंच और अरबी में एक साथ आभासी वास्तविक समय व्याख्या प्रदान करने की आवश्यकता है।

**2. कार्य की दायरा**

उपरोक्त विवरण के अनुसार, आगामी सीसीएससीएच6 सत्र के लिए सेवाओं की आवश्यकता इसप्रकार हैं:

(क) ज़ूम दृश्य वीडियोकोन्फेरेंसिंग प्लेटफॉर्म द्वारा आभासी रूप में अंग्रेज़ी,स्पेनिश, फ्रेंच और अरबी में इन भाषाओं के योग्य एवं अनुभवस्थ व्याख्याकारों का एक टीम द्वारा सीसीएससीएच6 सत्र की कार्यवाहियों का वास्तविक समय व्याख्या

(ख) कोडेक्स जैसी अंतर्राष्ट्रीय बैठकों के स्तर पर व्याख्या सेवाओं के समन्वय में पर्याप्त अनुभव के साथ योग्य और सक्षम **टीम लीडर** होना चाहिए, जो व्याख्याताओं की टीम के भीतर व्याख्या गतिविधियों का प्रबंधन और समन्वय करेगा।

(ग) टीम के व्याख्याताओं को कोडेक्स जैसे सम्मेलनों के स्तर पर संबंधित भाषाओं की व्याख्या में पर्याप्त अनुभव (ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों) होना चाहिए।

(घ) प्रति दिन व्याख्या समय **<u>तीन घंटे (15 मिनट ब्रेक को छोड़कर)</u>** होगा, जिसे समिति के अनुरोध के आधार पर निर्धारित ओवरटाइम शुल्क पर बढ़ाया जा सकता है।

(ङ) व्याख्या सेवाओं के लिए कोटेशन व्याख्या टीम की ओर से **टीम लीडर** द्वारा प्रस्तुत की जानी चाहिए। टीम लीडर सभी प्रशासनिक / वित्तीय मामलों के लिए स्पाइसेस बोर्ड के साथ संपर्क में उत्तरदायी होगा।

उपरोक्त दायरा (क) - (ङ) और निम्नलिखित धारा में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं को शामिल करने वाली व्याख्या सेवाओं के लिए कोटेशन प्रस्तुत किया जाना है।

**3. विनिर्दिष्ट व्याख्या अपेक्षाएँ**

(क) व्याख्या टीम द्वारा <u>सभी चार भाषाओं</u>, अर्थात, अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनिश और अरबी में व्याख्या का कवरेज, अनिवार्य है। ज़ूम प्लेटफॉर्म पर वास्तविक समय में कुशलतापूर्वक व्याख्या की जा सकने के लिए टीम में प्रत्येक भाषा के लिए पर्याप्त संख्या में व्याख्याता होने चाहिए।

(ख) ज़ूम दृश्य दूरसंलाप प्लेटफॉर्म पर कुशल ऑनलाईन व्यख्या के लिए व्याख्या टीम के सभी सदस्यों को आवश्यक तकनीकी सुविधा के साथ सुसज्जित हो जाना चाहिए।

(ग) टीम लीडर व्याख्या सेवाओं से संबंधित सभी आधिकारिक और तकनीकी संचार के लिए संपर्क बिंदु के रूप में कार्य करेगा और सीसीएससीएच6 सत्र के दौरान इन संचारों को व्याख्या टीम को प्रसार करने के लिए ज़िम्मेदार होगा।

(घ) टीम लीडर व्याख्या टीम, स्पाइसेस बोर्ड के सीसीएससीएच सचिवालय और कोडेक्स सचिवालय, रोम के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार होगा। व्याख्या सेवाओं के लिए ज़ूम प्लेटफॉर्म कोडेक्स सचिवालय, रोम द्वारा प्रदान किया जाएगा और टीम लीडर कोडेक्स सचिवालय, रोम के साथ सभी तकनीकी समन्वय और व्याख्या टीम के बीच तकनीकी जाँच के लिए जिम्मेदार होगा।

(ङ) प्रत्येक दिन के सत्र से पहले, टीम लीडर को यह सुनिश्चित करने के लिए कि टीम सत्र के लिए तैयार है, उचित रूप में पूर्वाभ्यास / तकनीकी उपकरण सेटअप जांच आदि का आयोजन करना चाहिए।

(च) जहाँ तक संभव हो, व्याख्या टीम में प्रथमिकता उन व्याख्याताओं को दी जानी चाहिए जिनको दो कार्य भाषाओं से ज़्यादा है ताकि रिले व्याख्या का उपयोग न्यूनतम रखा जा सकता है।

**4. दस्तावेज़ अपेक्षाएँ**

कोट को **हार्ड कॉपी** के रूप में दो अलग-अलग मुहर बंद लिफाफों में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए:

(क) कवर 1: टीम लीडर और व्याख्या टीम के सदस्यों के लिए सक्षमता अपेक्षाओं के समर्थन में दस्तावेज़। अपेक्षाएँ नीचे खंड 5 में तालिका 1 में विस्तृत हैं। <u>इस कवर को तकनीकी बोली के रूप में लेबल किया जाना चाहिए।</u>

(ख) कवर 2: खंड 5 के अनुसार लागत विवरण। <u>इस कवर को वित्तीय बोली के रूप में लेबल किया जाना चाहिए।</u>

**5. कवर 1: तकनीकी बोली**

पात्रता मानदंड और सक्षमता अपेक्षाओं के समर्थन में दस्तावेज़ प्रदान करें जैसाकि नीचे कवर-1 में दिया गया है: तकनीकी बोली।

**तालिका 1:** पात्रता मानदंड एवं सक्षमता आवश्यकताएँ

| | **आवश्यकता** |
|---|---|
| 1. | टीम लीडर के सक्षमता विवरण में निम्नलिखित शामिल होने चाहिए:<br>(क) टीम लीडर के नाम, तकनीकी योग्यताएँ और व्याख्या की भाषा<br>(ख) पिछले तीन वर्ष में कोडेक्स(ऑनलाईन /ऑफलाईन) स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में व्याख्या सेवाओं के समन्वयन में अनुभव।<br>(ग) पिछले दो वर्ष में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मेंसभी आवश्यक भाषोओं को कवर करते हुए कम से कम दो ऑनलाईन व्याख्याताएँ अनिवार्य है।<br>(घ) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में व्याख्याता के रूप में पिछले तीन वर्ष का अनुभव (यदि उपरोक्त के लिए प्रदान किए गए विवरण से अलग है तो) |
| 2. | अंग्रेज़ी, स्पेनिश, फ्रेंच और अरबी को कवर करते हुए व्यख्या टीम के सदस्यों का सक्षमता विवरण। व्यख्या टीम के प्रत्येक सदस्यों के लिए, निम्नलिखित विवरण प्रदान किए जाने हैं:<br>a) व्याख्याता के नाम, तकनीकी योग्यताएँ और व्याख्या की भाषा(एँ)।<br>b) पिछले तीन वर्ष में कोडेक्स स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों(ऑनलाईन /ऑफलाईन) में व्याख्याता के रूप में अनुभव।<br>c) पिछले दो वर्ष में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विनिर्दिष्ट भाषा(ओं) को कवर करते हुए कम से कम दो ऑनलाईन व्याख्याएँ अनिवार्य है। |

**6. कवर 2 - व्याख्या लागत का विवरण**

व्याख्या सेवाएँ निम्नलिखित दिनों के लिए आवश्यक हैं: सत्र के दिन- 26, 27, 28, 29, 30 सितंबर 2022, रिपोर्ट अंगीकरण - 3 अक्तूबर 2022. **व्याख्या की अवधि 15 मिनट के ब्रेक को छोड़कर प्रति दिन तीन घंटे होंगे।**

अधिप्राप्ति मैनुअल, 2017 के अनुसार वित्तीय विवरण और बोली के निबंधन और शर्तों को प्रस्तुत करने का फॉर्मेट **संलग्नक 1** में दिया गया है। विवरण इस प्रारूप में भरा जा सकता है और कवर 2 में प्रस्तुत किया जा सकता है।

**7. बोली दस्तावेज़ प्रस्तुत करना**

**कवर 1 और कवर 2 दोनों को अलग-अलग सील किया जाना चाहिए और एकल मुहरबंद कवर में रखा जाना चाहिए,** जिस पर निम्नानुसार लिखा गया हो: "**मसाला एवं पाक शाकों पर कोडेक्स समिति** (सीसीएससीएच 6) **के छठा सत्र के लिए आभासी दूरस्थ वास्तविक समय की व्याख्या सेवाएँ प्रदान करने के लिए निविदा**"। बोली **13 अगस्त, 2022, भारतीय मानक समय शाम 5:30 बजे** तक निम्नलिखित पते पर पहुंच जानी चाहिए।

**आयोजन सचिव,**
**स्पाइसेस बोर्ड**
**(वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार)**
**सुगंध भवन**
**पालारिवट्टम पी ओ**
**कोच्ची - 682025**
**केरला, भारत**
**फोन: +91 484 2333610 (विस्तार - 520)**
**ई-मेल: codex.sb-ker@gov.in**

कोई स्पष्टीकरण आवश्यक है तो आयोजन लचिव,कोडेक्स सेल, स्पाइसेस बोर्ड को codex.sb-ker@nic.in में लिख कर पाया जा सकता है।

---

**संलग्नक-I**

**सीमित निविदा फॉर्म**

[वित्त मंत्रालय भारत सरकार की माल प्रापण की नियम पुस्तक 2017 के पैरा 4.4.2 और 5.5.1 के संलग्नक-5 के आधार पर)

(इस फॉर्म को केवल वित्तीय बोली के लिए उपयोग किया जाना है)

प्रापण इकाई का नाम : **स्पाइसेस बोर्ड**
**भारत सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**सुगंध भवन**
**पालारिवट्टम, एन एच बाई-पास**
**एरणाकुलम, केरल- 682025**
**भारत**

---

तारीख:

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम और पता | |
| कोटेशन के लिए फर्म की संदर्भ संख्या | |
| फर्म की पंजीकरण संख्या (अनुप्रयोज्य है तो) | |
| पी ए एन (अनुप्रयोज्य है तो): प्रतिलिपि संलग्न करें | |
| जी एस टी संख्या (अनुप्रयोज्य है तो) | |
| फोन | |
| फैक्स | |
| ई-मेल | |
| जाँच संख्या एवं तारीख | बोली सं. सीसीएससीएच/6/बोलियाँ/2022/1 **मसाला एवं पाक शाकों पर कोडेक्स समिति (सीसीएससीएच 6) के छठा सत्र के लिए आभासी दूरस्थ वास्तविक समय की निर्वचन सेवाएँ प्रदान करना** , दिनांक जुलाई 13, 2022 |
| निविदा नियत तारीख | 13 अगस्त, 2022, भारतीय मानक समय सायं 5:30 बजे |

| | |
|---|---|
| निविदा खोलने की तिथि | अगस्त 16, 2022 |
| | उपरोक्त पते पर निविदा खोलने की तारीख को अपराह्न 3.00 बजे (आई एस टी) निविदा खोली जाएगी। |

कुपया निम्नलिखित सेवाओं के लिए दूसरे पृष्ठ पर मुद्रित निबंधन और शर्तों के अनुसार निविदा खोलने की तारीख को उपराह्न तीन बजे के पहले एक मुहरबंद कवर में शीर्ष पर **कवर-2 जाँच सं. सीसीएससीएच/6/बोलियाँ/2022/1, व्याख्या सेवाएँ, वित्तीय बोली** चिह्नित करके प्रस्तुत करें।

**निविदा समय-सारणी:**

सभी दरें अंकों और शब्दों में दी जानी हैं

| | **आवश्यकता** | **विवरण** |
|---|---|---|
| **1** | व्याख्याताओं की संख्या (अंग्रेज़ी,फ्रेंच,स्पेनिश और अरबी, ) | |
| **2** | मुद्रा जिसमें बोली प्रस्तुत की जाती है | |
| **3** | प्रति दिन व्याख्याता शुल्क (तीन घंटे सत्र)<br>(15 मिनट के ब्रेक को छोड़के)<br>*अगर अलग-अलग भाषाओं के लिए शुल्क अलग-अलग है तो, इसे विवरण स्तंभ में अलग से उल्लिखित करें* | |
| **4** | पूर्वाभ्यास और तकनीकी जाँच के लिए व्याख्याता शुल्क<br>*अगर अलग-अलग भाषाओं के लिए शुल्क अलग-अलग है तो, इसे विवरण स्तंभ में अलग से उल्लिखित करें* | |
| **5** | प्रति घेटे प्रति व्याख्याता के लिए ओवर टाईम चार्ज<br>*(ओवर टाईम चार्ज केवल तीन घंटे के बाद और निर्धारित प्रारंभ से पाँच मिनट बाद ही अनुप्रयोज्य होंगे)* | |
| **7** | कोई अन्य शुल्क (आवश्यकतानुसार नीचे निर्दिष्ट करें, पंक्तियाँ जोड़ें) | |
| | | |
| | | |
| **8** | **कुल योग** सभी अनुप्रयोज्य चार्ज/कर सहित (ओवर टाईम चार्ज को छोड़कर)<br>***सत्र / तकनीकी जाँच दिनों के लिए दिन वार लागत तालिका फॉर्म में अलग से संलग्न करें*** | |

मैं/हम सीसीएससीएच6 सत्र के लिए व्याख्या सेवा प्रदान करने में लगी/लगा/लगे हूँ/हैं और निम्नलिखित का पालन करता/करती/करते हूं/हैं:

1. निविदा समय-सारणी एवं निविदा दस्तावेज़ के तकनीकी विनिर्देशन (जाँच सं. सीसीएचसीएच/6/बोलियाँ/2022/1)
2. इस निविदा के लिए विनिर्दिष्ट शर्तें
3. दूसरी पृष्ठ पर मुद्रित निबंधन और शर्तें
4. यह प्रस्ताव निविदा खुलने की तिथि से 90 (नब्बे) दिनों के लिए वैध है।
5. कि हमें किसी सरकार/उपक्रम द्वारा विवर्जित नहीं किया गया है।
6. कि उद्धृत दरें किसी भी सरकार/उपक्रम को समान सेवा के लिए उद्धृत दरों से अधिक नहीं हैं।
7. यह कि हमारे द्वारा प्रस्तुत बोली को उचित रूप से सील और तैयार किया गया है ताकि बाद में किसी भी परिवर्तन और प्रतिस्थापन को रोका जा सके।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम:

हस्ताक्षर एवं मुहर स्थान एवं तारीख:

## सीमित निविदा के निबंधन और शर्तें

1. विस्तृत निविदा अपेक्षाओं के लिए कृपया निविदा दस्तावेज़ देखें।
2. कोटेशन प्रापण इकाई द्वारा प्रस्तुत फॉर्म में होना चाहिए और सुधार / मिटाने से मुक्त होना चाहिए। यदि कोई अपरिहार्य सुधार है तो उसे ठीक से सत्यापित किया जाना चाहिए, नहीं तो कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा। पेंसिल में लिखे कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. कोटेशन नियत तिथि को उपराह्न 3.00 बजे निर्धारित स्थान पर निविदाकार, जो उपस्थित होना चाहता है या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा।
4. बोर्ड को अलग-अलग मदों के प्रस्ताव को स्वीकार करने और किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार है और न्यूनतम कोटेशन स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।
5. इस निविदा में भागीदारी केवल आमंत्रण द्वारा है और सेवा प्रदान करने के लिए पहचानी गई चयनित प्रापण इकाई तक सीमित है। अयाचित प्रस्तावों को अनदेखा किया जा सकता है। हालांकि, जो पूर्तिकर्ता भविष्य में ऐसी निविदाओं में भाग लेना चाहते हैं, वे इसे प्रापण इकाई के ध्यान में ला सकते हैं और प्रक्रिया के अनुसार पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। नोट: प्रापण इकाई के साथ एक अनुमोदित पूर्तिकर्ता के रूप में पंजीकृत होने के लिए, कृपया बोर्ड की वेबसाईट से सेवा प्रदान अनुमोदन डाउनलोड करें और प्रस्तुत करें।
6. सभी सेवा प्रदाता स्वीकृति से पहले सत्यापन और अनुमोदन के अधीन हैं। सेवा प्रदाता की पिछली संविदा प्रस्तुत की जा सकती है और संपर्क व्यक्ति जिसे सत्यापन के लिए सेवा प्रदान की गई थी।
7. बोर्ड इस जाँच में विनिर्दिष्ट विनिर्देशों को संशोधित करने का अधिकार रखता है।
8. उद्धृत मूल्य सेवा पूर्ण होने तक स्थिर रहना चाहिए। कृपया चार्जों को शब्दों और अंकों में उद्धृत करें। कोटेशन खुलने की तारीख से कम से कम तीन महीने की अवधि के लिए उद्धृत शुल्क शुद्ध और वैध होना चाहिए।
9. यदि आपका कोटेशन स्वीकार कर लिया जाता है और आपको ओर्डर मिल जाता है, तो सेवा ओर्डर में निर्धारित शर्तों के भीतर प्रदान की जानी चाहिए। बोर्ड को विलंबित/गलत सेवा के कारण हुए किसी भी नुकसान केलिए जुर्माने के तौर पर वसूल करने का अधिकार है। विनिर्देशन के अनुसार और निर्दिष्ट अवधि के भीतर सेवा प्रदान करने में विफलता, किसी भी कारण बताए बिना अधिप्राप्ति संस्था को जब तक वैध आधार पर कार्यालय से लिखित रूप में विस्तार या छूट प्राप्त नहीं की जाती है अधिकतम पाँच

प्रतिशत वितरमयोग्य से विचलन के जुर्माने के रूप में आदेश के कुल मूल्य का ½% (आधा प्रतिशत) दंड का अधिरोपण के लिए हकदार बनाएगा।

10. यदि सेवा प्रदान नहीं की जाती है और इसके कारण अधिप्राप्ति संस्था को आपके जोखिम और लागत पर कहीं और से सेवा प्राप्त करने के लिए मजबूर किया जाता है, तो इससे होने वाली हानि या क्षति को डिफ़ॉल्ट सेवा प्रदाता से वसूल किया जाएगा।

11. विवाद खंड: जांच से संबंधित कोई भी विवाद केवल केरल के उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

12. हमारी सामान्य भुगतान शर्तों के अनुसार सेवा की प्राप्ति और स्वीकृति पर 30 दिनों के भीतर 100% (सौ प्रतिशत) हैं। भारत सरकार के नियमों के अनुसार, कुल बोली मूल्य का अधिकतम 30% अग्रिम भुगतान किया जा सकता है।

----------------